बिहार सरकार

समाहरणालय, शिवहर

(जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय)

Email id- bcebc-sheohar-bih@gov.in

पदाधिकारी का नाम–रंजना कुमारी

मो0– 8210708153

अल्पकालीन नामांकन सूचना

पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना द्वारा अति पिछड़ा वर्ग समुदाय के छात्रों के लिए शिवहर जिलान्तर्गत संचालित जननायक कर्पूरी ठाकुर अति पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, शिवहर में शैक्षणिक सत्र 2026–27 में नामांकन के लिए रिक्त स्थानों की विवरणी निम्नवत् है :–

क्र0सं0	छात्रावास का नाम	कोटि	रिक्ति/सम्भावित रिक्ति
1	जननायक कर्पूरी ठाकुर अति पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास, शिवहर	अति पिछड़ा वर्ग (EBC)	46 सीटें

नामांकन हेतु आवेदन पत्र सूचना प्रकाशन की तिथि से 06.07.2026 से 30.07.2026 तक विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर ऑनलाइन समर्पित किया जा सकता है। विशेष जानकारी के लिए संबंधित छात्रावास अधीक्षक, छात्रावास प्रबंधक–सह–अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी एवं जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय, शिवहर से छात्र/अभिभावक द्वारा प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क किया जा सकता है।

नामांकन की शर्तेः–

01 आवेदक अति पिछड़ा वर्ग (EBC) समुदाय का छात्र हो।
02 5 प्रतिशत सीटे विकलांग छात्रों के लिए आरक्षित है।
03 आवेदक बिहार राज्य का निवासी हो।
04 आवेदक शिवहर जिला अंतर्गत किसी भी सरकारी/मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में नामांकित हो।
05 अहर्त्ता प्राप्त आवेदकों में उच्च प्राप्तांक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी।
06 छात्र/अभिभावक की अधिकतम आय तीन लाख से कम होनी चाहिए।
07 इंटरमीडिएट के छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी।
08 न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता– मैट्रिक पास ।
09 चयन की प्रक्रिया विभागीय नियमानुसार पूरी की जाएगी।
10 आवेदन विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर ऑनलाइन किया जा सकता है।

आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज :–

❖ आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति ऑनलाइन अपलोड करना होगाः–

1. आवेदक का पासपोर्ट साईज फोटो jpg/jpeg Format में।
2. आवेदक का जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
3. शिवहर स्थित शिक्षण संस्थानों में नामांकन रसीद का प्रमाण PDF Format में।
4. आधार कार्ड की छायाप्रति PDF Format में।
5. विगत परीक्षा के अंक प्रमाण पत्र की छायाप्रति PDF Format में।
6. आधार सीडिंग बैंक अकाउंट (खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड सहित)
7. अध्ययनरत् संस्थान के प्राचार्य द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत Forwarding Letter Pdf Format में।
8. माता/पिता/अभिभावक द्वारा विहित प्रपत्र में हस्ताक्षरित शपथ पत्र।
9. आवेदक का हस्ताक्षर jpg/jpeg Format में।

आवेदन की प्रक्रियाः–

1. विभागीय वेबसाईट https://bcebconline.bihar.gov.in/cay/Default.aspx पर जाकर केवल ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जा सकता है।
2. अधिक सहायता हेतु विभागीय गाइडलाइन्स को संदर्भित किया जा सकता है।
   अथवा जिला कल्याण कार्यालय, शिवहर में प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे पूर्वाह्न से 05:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क किया जा सकता है।
3. आवेदन की तिथि– 06.07.2026 से 30.07.2026 तक केवल ऑनलाईन स्वीकार किये जाएंगें।

विश्वासभाजन

06/07/26

for जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, शिवहर।